## कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

पत्रांक 4750 /14–1, बरेली, दिनांक 10 मई, 2023।

सेवा में,

उप महाप्रबन्धक,
रिलांयस बीपी मोबिलिटी लि0
ग्राम चुहर चक तह0–अजीतवाल
जिला मोगा।

विषयः– जनपद बरेली में बरेली–नैनीताल मार्ग (एस0एस0–37)चैनेज 19.580 से 16.665 के दायी पटरी पर खसरा सं0–115 ग्राम मांडा तहसील–बरेली जिला बरेली पर रिलाइन्स बीपी मोविलिटी लि0 द्वारा प्रस्तावित रिटेल आउटलेट पेट्रोल पम्प के सम्पर्क मार्ग हेतु 0.2077 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 37 वृक्षों/पौधों के पातन/ट्रान्सप्लांट की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उत्तर प्रदेश का पत्रांक 08बी/यू0पी0/06/307/2022/एफ.सी./96 दिनांक 03.05.2023।

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। भारत सरकार के पत्र दिनांक 03.05.2023 द्वारा विषयक प्रस्ताव के सापेक्ष कतिपय शर्तो के अधीन सैद्धान्तिक स्वीकृति जारी की गयी है।

उक्त के संबंध में अपेक्षा की जाती है कि कृपया निम्नलिखित प्रारूप में अक्षरशः अनुपालन आख्या तथा शर्तवार वचनवद्धता प्रमाण पत्र, मानचित्र आदि ऑनलाईन परिवेश पोर्टल पर अपलोड कराकर पॉच–पॉच प्रति यथाशीघ्र इस कार्यालय में को उपलब्ध करने का कष्ट करें।

| शर्त संख्या | शर्त | शर्त के सापेक्ष अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 |

उ0प्र0 सरकार के निर्देशानुसार क्षतिपूरक वृक्षारोपण तथा एनपीवी आदि की धनराशि का निम्नवत भुगतान किया जाना है।

1. **शर्त सं0 04** के अनुसार प्रभावित वन भूमि 0.2077 हे0 का शुद्ध वर्तमान मूल्य (एन0पी0वी0) आंकलित धनराशि संशोधित दरों के अनुसार मु0रू0 1,98,931.00।

**कुल धनराशिः– 1,98,931.00 (एक लाख अठ्ठानवे हजार नौ सौ इक्कतीस मात्र)**

2. शर्त संख्या 02 के अनुसार जनपद बरेली में बरेली–नैनीताल मार्ग (एस0एस0–37)चैनेज 19.580 से 16.665 के दांयी पटरी पर खसरा सं0–115 ग्राम मांडा तहसील–बरेली जिला बरेली पर रिलाइन्स बीपी मोविलिटी लि0 द्वारा प्रस्तावित रिटेल आउटलेट पेट्रोल पम्प के सम्पर्क मार्ग बाधक 37 वृक्षों के पातन की अनुमति के सापेक्ष 416 पौधों के रोपण एवं 10 वर्षो तक रख–रखाव हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण की आंकलित धनराशिः– रू0 3,62,350.00(रू0 तीन लाख बासठ हजार तीन सौ पचास मात्र)

अतः कुल देय धनराशिः– 1,98,931.00+3,62,350.00= 5,61,281.00

उक्त के संबंध में आपसे अपेक्षा की जाती है कि वांछित धनराशि ऑनलाईन उत्पन्न चालान द्वारा जमा करने का कष्ट करें तथा जमा की गयी धनराशि का यूटीआर नं0 व ऑनलाईन उत्पन्न पावती रसीद हस्ताक्षर कर पूर्व विवरण यथाशीघ्र इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।

(समीर कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

Scanned with OKEN Scanner